भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2302

25 अप्रैल, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

कपड़े और सूत का निर्यात

2302. श्री रवि शंकर प्रसाद:

श्री शिवानन्द तिवारी:

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश से कपड़ा व सूत का निर्यात चालू वित्तीय वर्ष में गत वर्षों की तुलना में बढ़ा है;

(ख) यदि हां, तो 2011-2012 में उपरोक्त उत्पादों का निर्यात 2010-2011 की तुलना में कितना-कितना हुआ है;

(ग) क्या कच्चे कपास के निर्यात में भी बढ़ोतरी हुई है; और

(घ) यदि हां, तो उपरोक्त अवधि में इसकी मात्ा और मूल्य में कितनी बढ़ोतरी हुई है ?

उत्तर

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)

(क) और (ख): जी, हां । वर्ष 2011-12 के दौरान (अप्रैल-दिसं.) (नवीनतम उपलब्ध) वस्त्र मदों के निर्यात में वित्तीय वर्ष 2010-11 की तदनुरूपी अवधि के तुलना में वृद्धि हुई है । ये आंकड़े नीचे दर्शाए गए हैं :-

(अमरीकी डालर में)

मद	2009-10	2010-11	2010-11 (अप्रै.-दिस.)	2011-12 (अप्रै.-दिस.)	% वृद्धि
वस्त्र तथा क्लोदिंग	**22418.79**	**26826.50**	**19201.36**	**23785.24**	**23.87**
कपास यार्न, फैब्रिक तथा मेडअप	3695.20	5507.27	4251.66	5041.04	18.57
मानव निर्मित यार्न, फैब्रिक और मेडअप	3613.46	4203.90	2943.98	3886.85	32.03
ऊनी यार्न, फैब्रिक और मेडअप	89.84	105.07	73.53	115.04	56.45
प्राकृतिक रेशम यार्न, फैब्रिक और मेडअप	298.32	346.91	260.61	154.79	-40.61

(ग) तथा (घ): वर्ष 2011-12 (अप्रैल-दिसंबर) (नवीनतम उपलब्ध) तथा वित्तीय वस्त्र 2010-11 की तदनुरूपी अवधि में कच्ची कपास के निर्यात नीचे दिए गए हैं:-

मद	2009-10		2010-11		2010-11 (Apr-Dec)		2011-12 (Apr-Dec)		% Growth	
	मात्रा (टन)	मूल्य (मि.अम.डा.)	मात्रा (टन)	मूल्य (मि.अम.डा.)	मात्रा (टन)	मूल्य (मि.अम.डा.)	मात्रा (टन)	मूल्य (मि.अम.डा.)	मात्रा	मूल्य
अपशिष्ट सहित कच्ची कपास	1357.99	2016.20	1258.44	2853.08	990.59	2025.97	1622.26	2687.96	63.77	32.68

******